कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 20/12/2024

प्रेस विज्ञप्ति
गर्ल्स कॉलेज द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश की संकल नामांकन अनुपात बढ़ाये जाने हेतु एवं महाविद्यालयों में स्वीकृत सीट पर शत-प्रतिशत प्रवेश करने हेतु शासन द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान आरंभ किया गया है। उक्त अभियान का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक (11वीं एवं 12वीं) के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय स्तर पर 4 टीमों का गठन किया गया है। टीम क्रमांक 02 के तहत शासकीय तिलक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग का चयन उक्त अभियान हेतु किया गया। विद्यालय की कक्षा 11वीं एवं 12वीं की 106 छात्राओं की सहभागिता उक्त कार्यक्रम में रही।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मंजुलता साव ने अभियान दल का परिचय देते हुए इस अभियान के उद्देश्य से छात्राओं को अवगत कराया। महाविद्यालय की आधारभूत संरचना से लेकर महाविद्यालय में संगठित प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं नई शिक्षा नीति (NEP) की संपूर्ण जानकारी पीपीटी/ विडियो/फोटोग्राफ विडियो के माध्यम से दी गई। जिसके तहत महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया, संचालित विषय, प्रवेश फीस, वेबसाईट, लाईब्रेरी, कॉमनरूम, मोबाईल स्वास्थ्य सुविधा, एंटीरैगिंग, हेल्पडेस्क, शिकायत पेटी, छात्रवृत्ति, एन.एस.एस, एन.सी.सी., स्काउट गाईड, रेड-रिबन, रेडक्रॉस, वुमेन सेल एवं कॅरियर काउसलिंग से संबंधित समस्त जानकारियाँ छात्राओं को प्रदान की गई।

उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों से भी उनके विचारों को प्रकट करने का अवसर प्रदान किया गया साथ ही छात्राओं की जिज्ञासाओं का संतोषप्रद जवाब भी दिया गया। विद्यार्थियों के बीच सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया तथा उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात् विद्यार्थियों से फीडबैक फार्म भरवाया गया। उक्त फीडबैक फॉर्म में विद्यार्थियों की जानकारी के साथ ही उनकी विभिन्न विषयों में रूचि, महाविद्यालय में संचालित विषय के अतिरिक्त अन्य विषय का सुझाव, अभियान दल द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्टि एवं आगामी सत्र में इस महाविद्यालय में प्रवेश की इच्छा से संबंधित प्रश्न रहे।

उक्त फीडबैक फॉर्म के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि 98% विद्यार्थी अभियान दल के द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्ट रहे। विषय चयन से संबंधित प्रश्न में 100% विद्यार्थियों ने हाँ में जवाब दिया। इस महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्राओं का प्रतिशत 56% रहा, अनिर्णय की स्थिति में 44% विद्यार्थी रहे। NEP संबंधित जानकारी के संबंध में 100% विद्यार्थियों ने हाँ में जवाब दिया।

उक्त अभियान दल में श्री दीपक ठाकुर के द्वारा NEP एवं कॅरियर काउंसलिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कु. तबस्सुम अली के द्वारा महाविद्यालय में संगठित प्रकोष्ठ के बारे में पीपीटी के माध्यम से पूरी जानकारी प्रदान की। श्री उत्तम देशमुख के द्वारा प्रवेश प्रक्रिया एवं फीस संरचना की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजुलता साव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. असीमा चटर्जी एवं समस्त शिक्षकगण का आभार व्यक्त किया गया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)